आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दस दिवसीय काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का कल वाराणसी में हुआ शुभारम्भ। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन समारोह में हुए शामिल।
- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बीती रात हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक।
- प्रयागराज महाकुंभ में कल लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, हरदीप पुरी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने संगम में लगायी डुबकी।
- महाकुंभ में आज जलवायु सम्मेलन और बर्ड फेस्टिवल का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**********

वाराणसी के नमो घाट पर कल काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण का शुभारंभ हुआ। दस दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान; मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ; और केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि काशी तमिल संगमम एक भारत श्रेष्ठ भारत को दिखाता है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ 144 साल के बाद एक सौभाग्य लेकर आया है, प्रधानमंत्री की विशेष इच्छा पर काशी तमिल संगमम में आए हुए अतिथियों को महाकुंभ में स्नान कराया जाएगा।

**मेरे को दायित्व दिया, इस बार की काशी तमिल संगमम जब होगा सभी अतिथियों को कुंभ के दर्शन कराने का अवसर दिया जाये। उनको कुंभ में रहने की सुविधा दिया जाये, काशी बाबा विश्वनाथ के दर्शन महाकुंभ में स्नान के अवसर आप सौभाग्यशाली होंगे। तमिलनाडु की जनता की ओर से आप प्रतिनिधित्व कर रहे है। मैं पूरे भारत की ओर से आप सभी को बधाई देता हूं अनेक अनेक सुवेचछा।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत के विजन को बढ़ाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ने देश को जोड़ने का कार्य किया है।

**भारत की एकता के संदेश के साथ जोड़ने का काम किया है और यह संदेश जहां जाति का केन्द्र नहीं जाति का भेद नहीं, क्षेत्र का भेद नहीं इससे बड़ा आयोजन दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ है यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन 51 करोड़ श्रद्धालुओं को अब तक अपने साथ जोड़ चुका है।**

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने स्वागत भाषण में कहा कि काशी तमिल संगम कला और संस्कृति को जानने का एक बेहतर मंच है। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को दर्शाता है।एक रिपोर्ट....

**काशी तमिल संगमम का उद्देश्य दोनों क्षेत्रों के विद्वानों, छात्रों, दार्शनिकों, व्यापारियों, कलाकारों को साथ लाने और एक–दूसरे के अनुभव से सीखने का अवसर प्रदान करना है। इस वर्ष, तमिलनाडु से पाँच श्रेणियों में लगभग एक हजार प्रतिनिधियों लाये गये है । इस वर्ष के आयोजन का मुख्य विषय स्वास्थ्य, दर्शन, विज्ञान, शास्त्रीय तमिल साहित्य और राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता में ऋषि अगस्त्य के महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करना है। 10 दिनों तक चलने वाला यह आयोजन 24 फरवरी को समाप्त होगा। इनके प्रतिनिधियों को प्रयागराज संगम, में पवित्र स्नान और अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ का कहना है कि प्रयागराज में इसके आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

काशी तमिल संगमम की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामनाएं दी है। एक संदेश में प्रधानमंत्री ने लिखा है कि काशी तमिल संगमम न केवल इन यादों को ताज़ा करेगा, बल्कि तमिलनाडु और काशी के बीच संबंधों को और मजबूत करेगा। उन्होंने लिखा है कि लोगों की संपूर्ण भागीदारी ने इस आयोजन को एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना का मशाल वाहक बना दिया है।

उधर, कल शाम तमिलनाडु से आये विद्यार्थियों, शिक्षकों और लेखकों के दो सौ बीस सदस्यीय समूह ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किये। मंदिर न्याय की ओर से गंगा द्वार पर समिति का भव्य स्वागत किया गया।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीती रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुयी भगदड़ में पन्द्रह यात्रियों की जान जाने और कुछ के घायल होने की घटना पर शोक जताया है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि भगदड़ की सूचना दुखद है। जिन लोगों की जान गयी है उनके प्रति उनकी संवेदना है। वहीं, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया एक्स पर घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि स्थिति अब नियंत्रण में है। चार स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को प्रयागराज भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में जनहानि को अत्यन्त दुखद और हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि उनकी संवेदनायें शोक–संतप्त परिवारों के साथ है। उधर, रात में ही रेलवे स्टेशन पहुंचे रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने घटना की उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिये हैं। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक घटना उस समय हुयी जब प्रयागराज आ रहे यात्रियों की भीड़ के बीच धक्का–मुक्की होने से प्लेटफॉर्म पर भगदड़ मच गयी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है। अब तक इक्यावन करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ में पहुंच चुके हैं। इसी क्रम में कल लोकसभा अध्यक्ष ओमबिरला, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, जितेंद्र सिंह, हरदीप पुरी और चिराग पासवान ने संगम में पवित्र स्नान किया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संगम में स्नान कर देशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है।

**महा दिव्य कुंभ से सबका कल्याण हो, सब जन–जन का कल्याण हो, समृद्धि हो, खुशहाली हो, हम गंगा मां से ये प्रार्थना करते है तुम्हारी कृपा हम पर बनी रहे और भारत की जो आस्था है, विश्वास है भरोसा है, दुनिया में आध्यात्मिक रूप से जो ऊर्जा हमारे आध्यात्मिक संस्कृति, हमारे आध्यात्मिक प्रेरणा व्यक्ति को जीवन जीने की राह बताता है।**

केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पवित्र डुबकी के बाद परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महाकुम्भ एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है।

**महाकुंभ भगवान की आस्था तो है ही, ईश्वर के प्रति हम सबकी विश्वास का एक प्रतीक है लेकिन साथ ही साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी ये प्रतिबिम्ब के रूप में सामने है।**

केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने महाकुंभ के भव्य आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से ही इतना बड़ा आयोजन संभव हो सका है।

**मैं समझता हूं मेरे लिए पर्सनली मेरा सौभाग्य है कि मुझे यह मोका मिलेगा, बहुत ही हम अपने आप को लकी समझते है योगी सरकार तो बहुत बढ़िया काम कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी और एक योगी जी है डबल इंजन की सरकार है तभी इतना ग्रैंड स्केल पर ऐसा हो रहा है।**

अपने मंत्रिमंडल के साथ संगम में स्नान करने पहुंचे गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने महाकुंभ में की गई व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोवा सरकार ने विशेष ट्रेनों के ज़रिए श्रद्धालुओं को महाकुंभ भेजने का इंतज़ाम किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ में आज जलवायु सम्मेलन और बर्डफेस्टिवल का शुभारंभ करेगें। कुम्भ की आस्था व जलवायु परिवर्तन विषय पर आयोजित जलवायु सम्मेलन में धर्मगुरु, पर्यावरणविद्, अनेक सामाजिक संगठन और उद्योग जगत के लोग शामिल होंगे।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने अगले दो दिनों में दो हजार से अधिक अतिरिक्त बसें चलाने की घोषणा की है। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रयागराज के विभिन्न अस्थाई बस स्टेशनों पर अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित होगी, ताकि बसों का संचालन सुचारू रूप से हो सके।

**********

महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर कल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअली विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार का उद्घाटन किया।

**********